**7.** निश्चयवाचक सर्वनाम को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(a) निजवाचक सर्वनाम
(b) गणनावाचक सर्वनाम
(c) संकेतवाचक सर्वनाम
(d) सन्देहवाचक सर्वनाम

**8.** 'वहाँ कौन जाएगा' वाक्य में प्रश्नवाचक सर्वनाम है?
(a) वहाँ (b) कौन
(c) जाएगा (d) इनमें से कोई नहीं

**9.** 'जिसे भी देखूँ वही अपने काम में व्यस्त है' वाक्य में रेखांकित अंश कौन-से सर्वनाम हैं
(a) निश्चयवाचक (b) सम्बन्धवाचक
(c) संकेतवाचक (d) अनिश्चयवाचक

**10.** जिन सर्वनामों से किसी वस्तु का निश्चित ज्ञान नहीं होता, वहाँ कौन-सा सर्वनाम होता है?
(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(b) निजवाचक सर्वनाम
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(d) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

**11.** उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम के अन्तर्गत आता है
(a) हम (b) उनका
(c) वे (d) उसकी

**12.** मुझे कल शहर जाना है। वाक्य में सर्वनाम शब्द है
(a) मुझे (b) कल
(c) दिल्ली (d) जाना

**13.** .......... चाह, .......... राह। वाक्य में उचित सर्वनाम शब्द क्या होंगे?
(a) जो, वो (b) जहाँ, वहाँ
(c) जैसा, वैसा (d) जब, तब

**14.** 'स्वयं' और 'आप' किस प्रकार के सर्वनाम हैं?
(a) निश्चयवाचक (b) निजवाचक
(c) सम्बन्धवाचक (d) पुरुषवाचक सर्वनाम

**निर्देश** (प्र.सं. 15-22) *में दिए गए वाक्यों की पूर्ति उचित सर्वनाम शब्दों से कीजिए।*

**15.** .......... इसी गाँव में रहते हैं।
(a) मैं (b) यह
(c) हम (d) उन्हें

**16.** आज शाम को आप .......... कर रहे हैं?
(a) क्या (b) कौन
(c) कब (d) कैसे

**17.** यह वही आदमी है, .......... मैं तलाश कर रहा था।
(a) उसे (b) जिसे
(c) किसे (d) वैसे

**18.** मैं अपना काम .......... करता हूँ।
(a) अपने (b) स्व
(c) जो (d) स्वयं

**19.** यहाँ .......... तो रहता ही होगा।
(a) कुछ (b) कभी
(c) नहीं (d) कोई

**20.** यहाँ .......... आना चाहिए।
(a) मैंने (b) उन्हें
(c) तुम (d) वे

**21.** .......... भी अजनबी से कोई खाने-पीने का सामान न ले।
(a) कोई (b) कुछ
(c) किसी (d) इसी

**22.** जैसा भी हो देश .......... ही बदलो भेष।
(a) कैसा
(b) उनसा
(c) तुमसा
(d) वैसा

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (a) | 2 | (d) | 3 | (d) | 4 | (b) | 5 | (c) | 6 | (b) | 7 | (c) | 8 | (b) | 9 | (b) | 10 | (c) |
| 11 | (a) | 12 | (a) | 13 | (b) | 14 | (b) | 15 | (c) | 16 | (a) | 17 | (b) | 18 | (d) | 19 | (d) | 20 | (b) |
| 21 | (c) | 22 | (d) | | | | | | | | | | | | | | | | |

# अध्याय 03

# वाक्य संशोधन
## (लिंग, वचन कारक, काल एवं वर्तनी शुद्ध)

### वाक्य प्रयोग सम्बन्धी कुछ अशुद्धियाँ

*इन कुछ वाक्यों के अशुद्ध व उनके शुद्ध रूप को पढ़िए—*

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| 1. तुम्हारा सभी काम बेकार होता है। | तुम्हारा सब काम बेकार होता है। |
| 2. तुम पर कोई का जोर नहीं है। | तुम पर किसी का जोर नहीं है। |
| 3. रमेश तथा सरिता सिनेमा गए हैं। | रमेश और सरिता सिनेमा गए हैं। |
| 4. सचिन टेनिस और फुटबॉल अच्छा खेलता है। | सचिन टेनिस तथा फुटबॉल अच्छा खेलता है। |
| 5. दस बजा है। | दस बजे हैं। |
| 6. दौड़ में वह मेरे बाद था। | दौड़ में वह मेरे पीछे था। |
| 7. हमें चलना चाहिये। | हमें चलना चाहिए। |
| 8. मेरे लिये क्या आदेश है? | मेरे लिए क्या आदेश है? |

वाक्यों के शुद्धिकरण को समझने के लिए संज्ञा, सर्वनाम आदि के अलावा हमें लिंग, वचन, कारक व काल को भी समझना होगा। आइए इनका संक्षिप्त

## लिंग

शब्द की जाति लिंग कहलाती है। संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु के नर अथवा मादा जाति का पता चलता है, उसे 'लिंग' कहते हैं।

संस्कृत में संज्ञा के तीन भेद बताये गए हैं। ये हैं—पुल्लिग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसक लिंग। हिन्दी में शब्दों को दो लिंगों में रखा गया है। यहाँ नपुंसक लिंग नहीं है। हिन्दी में सारे जड़ अथवा चेतन शब्द पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग दो लिंगों में विभक्त हैं।

हिन्दी में लिंगों की अभिव्यक्ति वाक्यों में होती है। वाक्य प्रयोग द्वारा संज्ञा शब्दों के लिंग का भेद स्पष्ट होता है। वाक्यों में लिंग, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया तथा कारक की विभक्तियों में विकार से उत्पन्न होता है।

## लिंग-निर्णय

- **सर्वनाम में विकार से**
  **मेरी** घड़ी सुन्दर है।
  ('घड़ी' स्त्रीलिंग के कारण सर्वनाम में विकार उत्पन्न हुआ)
  **मेरा** मकान अच्छा है। ('मकान' पुल्लिग है)
- **विशेषण में विकार से**
  वह **बड़ा** मकान है।
  वह **बड़ी** घड़ी है।
- **क्रिया में विकार से**
  रोटी **जली** है। (जलना में विकार 'रोटी' स्त्रीलिंग के कारण)
  बुढ़ापा **आ** गया ('बुढ़ापा' पुल्लिग के अनुसार क्रिया)
- **विभक्ति में विकार से**
  गुलाब **का** लाल रंग सुन्दर है।
  उस**की** नाक कट गई।

## वचन

संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण तथा क्रिया के जिस रूप से संख्या का बोध होता है, उसे 'वचन' कहते हैं। वचन संख्याबोधक विकारी शब्द होते हैं। वचन के दो भेद हैं

**1.** एकवचन तथा **2.** बहुवचन

1. **एकवचन** शब्द के जिस रूप से एक व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है, उसे 'एकवचन' कहते हैं; जैसे—लड़का, पुस्तक, कलम, घड़ी इत्यादि।
2. **बहुवचन** शब्द के जिस रूप से दो या दो से अधिक व्यक्ति या वस्तु का बोध होता हो, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे—लड़के, पुस्तकें, कलमें, घड़ियाँ इत्यादि।

- आकारान्त पुल्लिग शब्दों में 'आ' को 'ए' बनाकर बहुवचन बनाया जाता है; जैसे—लड़का-लड़के, घोड़ा-घोड़े, गदहा-गदहे इत्यादि।
- इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त तथा ऊकारान्त पुल्लिग शब्दों में बहुवचन में रूप परिवर्तित नहीं होता है तथा उनके वचन की पहचान क्रिया के प्रयोग द्वारा की जाती है; जैसे
  साधु जाता है (एकवचन) साधु जाते हैं। (बहुवचन)
  डाकू जाता है (एकवचन) डाकू जाते हैं। (बहुवचन)
- आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के अन्त में 'एँ' या 'ये' लगाकर बहुवचन के रूप में प्रयुक्त किया जाता है; जैसे—कक्षा-कक्षायें, लता-लताएँ इत्यादि।
- 'या' अन्त्य वाले स्त्रीलिंग संज्ञा-शब्दों में अन्तिम स्वर के ऊपर अनुनासिकता (ँ) लगाकर बहुवचन रूप निर्माण किया जाता है; जैसे—चिड़िया-चिड़ियाँ, गुड़िया-गुड़ियाँ इत्यादि।
- आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द का बहुवचन में प्रयोग करने के लिए 'अ' का 'ऐं' किया जाता है; जैसे—किताब-किताबें, गाय-गायें, इत्यादि।
- इकारान्त तथा ईकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों में 'ई' को 'इ' करके 'याँ' लगाया जाता है। 'इ' तथा 'ई' को 'इयाँ' कर दिया जाता है; जैसे—नदी-नदियाँ लड़की-लड़कियाँ
- उकारान्त या ऊकारान्त शब्दों को बहुवचन बनाने के लिए 'ऊ' को 'उ' तथा अन्त में 'एँ' का प्रयोग किया जाता है; जैसे—वस्तु-वस्तुएँ, बहू-बहुएँ इत्यादि।
- संज्ञा के पुल्लिग या स्त्रीलिंग शब्दों का बहुवचन में प्रयोग गण, वर्ग, जन, वृन्द आदि शब्द लगाकर भी किया जाता है;
  जैसे— श्रोता + गण = श्रोतागण
  अधिकारी + वर्ग = अधिकारी वर्ग
- कतिपय व्यक्तिवाचक तथा भाववाचक संज्ञाओं के भी परिस्थिति अनुसार बहुवचन के रूप में प्रयोग होते हैं। यह बात ध्यान रखने की है कि बहुवचन का सार्वत्रिक प्रयोग जातिवाचक संज्ञाओं का ही होता है; जैसे—जयचन्दों ने हमेशा देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है।
- विभक्ति के प्रयोग से बहुवचन निर्माण की प्रक्रिया में कतिपय परिवर्तन आते हैं। अ, आ, ए जिन शब्दों के अन्त में आते हैं, उनका अन्तिम स्वर 'ओं' हो जाता है;
  जैसे—लड़कों ने पढ़ा।
  पुस्तकों में लिखा है।
- संस्कृत के आकारान्त, संस्कृत-हिन्दी की सभी उकारान्त, ऊकारान्त तथा औकारान्त संज्ञा शब्दों का बहुवचन में प्रयोग करने के लिए अन्त में 'ओं' किया जाता है यदि आगे किसी विभक्ति का प्रयोग हुआ है; जैसे—साधुओं को खाना खिलाओ।
  घरों में लोग रहते हैं।
- इकारान्त तथा ईकारान्त शब्दों का बहुवचन के रूप में प्रयोग करने के लिए, यदि उसके बाद विभक्ति चिह्न प्रयुक्त हो तो 'यों' लगा दिया जाता है;
  जैसे— मुनियों का आश्रम जंगल में था।
  नदियों का जल स्वच्छ है।
  गाड़ियों में ईंधन डालो।
- द्रव्यवाचक संज्ञा का प्रयोग हमेशा एकवचन में होता है। भाववाचक तथा गुणबोधक शब्दों का प्रयोग भी हमेशा एकवचन में होता है;
  जैसे—डाकू दुकान का सारा सोना ले गए।
  उनकी सदाशयता के सभी कायल हैं।
- हिन्दी में कुछ शब्द हमेशा बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं; जैसे—प्राण, दर्शन, आँसू, समाचार, हस्ताक्षर इत्यादि।

## कारक

संज्ञा तथा सर्वनाम के जिस रूप से उसका वाक्य के अन्य शब्दों के साथ सम्बन्ध सामने आता है, उसे 'कारक' कहते हैं; जैसे—रमेश ने महेश को जेब से पैसे निकाल कर दिये। इस वाक्य में 'रमेश ने' 'महेश को', 'जेब से' संज्ञा शब्दों में परिवर्तन है, जो 'पैसे निकालने' की क्रिया से सम्बन्ध निर्धारित करता है।

इन सम्बन्धों को संज्ञा के कारक रूप कहते हैं। कारकीय रूप निर्धारण के लिए संज्ञा या सर्वनाम के बाद जो 'चिह्न' आता है, उसे 'विभक्ति' अथवा 'परसर्ग' कहते हैं।

- विभक्ति से बने शब्द-रूप को 'विभक्त्यन्त' या 'पद' कहते हैं।
- हिन्दी में कारक के आठ भेद हैं—कर्त्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, सम्बन्ध, अधिकरण तथा सम्बोधन।

  हिन्दी कारक की विभक्तियों का प्रयोग इस रूप में होता है

| कारक | विभक्ति (परसर्ग) |
|---|---|
| कर्त्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से |
| सम्प्रदान | को, के लिए |
| अपादान | से |
| सम्बन्ध | का, के, की |
| अधिकरण | में, पर |
| सम्बोधन | हे, अरे। |

- हिन्दी में विभक्तियों की दो प्रवृत्तियाँ मिलती हैं—
  **(i)** विश्लिष्ट तथा **(ii)** संश्लिष्ट
- संज्ञा के साथ आने वाली विभक्तियाँ शब्द से पृथक् लगाई जाती हैं; जैसे—राम ने, वृक्ष पर इत्यादि। जबकि सर्वनाम के साथ आने वाली विभक्तियाँ शब्द से संयुक्त रहती हैं; जैसे—उसने, तुमको इत्यादि।
- कर्त्ताकारक की विभक्ति 'ने' का प्रयोग भूतकालिक वाक्यों में होता है।
- करण तथा अपादान कारक की विभक्ति 'से' समान लगती है, किन्तु इनका प्रयोग पृथक् अर्थों में होता है। करण कारक में संज्ञा का क्रिया से सम्बन्ध का बोध होता है, जबकि अपादान में किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट होता है; जैसे—

  राम ने **डण्डे** से उसे पीटा (करण कारक)

  मोहन ने कुत्ते को **घर से** निकाला। (अपादान कारक)

## कारक की विभक्ति प्रयोग के उदाहरण

**कर्त्ता**

राम **ने** रोटी खाई।
मैं**ने** उसे पढ़ाया।
उस**ने** लड़ाई लड़ी।
सीता **ने** गीता पढ़ ली।
उस**ने** गीत गाया।

**कर्म**

पिता ने पुत्र **को** डाँटा।
राम ने श्याम **को** मारा।
माता ने बच्चे **को** सुलाया।

**करण**

वह चाकू **से** मारता है।
उसने पेड़ **को** कुल्हाड़ी से काटा।
सीता कलम **से** लिखती है।

**सम्प्रदान**

उसने लड़के **को** मिठाइयाँ दीं।
वह मुझ**को** रुपये दे रहा था।
श्याम ने मोहन **को** साइकिल दी।

**अपादान**

हिमालय **से** गंगा निकलती है।
वह छत **से** कूद गया।
शोर सुन वह घर **से** बाहर आ गया।
वह नदी **से** पानी ला रहा है।
वह बाजार **से** सब्जी ला रही है।

**सम्बन्धकारक**

यह राम **की** किताब है।
यह प्रेमचन्द **का** उपन्यास है।

**अधिकरण**

तुम्हारे घर **में** दस लोग हैं।
दुकान **पर** कोई नहीं था।

## काल

क्रिया का वह रूप-परिवर्तन जिसके द्वारा कार्य-व्यापार के समय तथा कार्य की पूर्णता या अपूर्णता का बोध हो, उसे काल कहते हैं।

*काल के तीन भेद हैं—*

1. वर्तमान काल, 2. भूतकाल तथा 3. भविष्यत् काल।

1. **वर्तमान काल** वर्तमान काल में क्रिया के कार्य-व्यापार की निरन्तरता का पता चलता है; जैसे—वह खाता है। इस वाक्य से खाने की क्रिया का कार्य-व्यापार चल रहा है। यह प्रमाणित होता है।

   वर्तमान काल के पाँच भेद हैं—

   (i) सामान्य वर्तमान काल,
   (ii) तात्कालिक वर्तमान काल,
   (iii) पूर्ण वर्तमान काल,
   (iv) संदिग्ध वर्तमान काल,
   (v) सम्भाव्य वर्तमान काल।

2. **भूतकाल** जिससे क्रिया के कार्य-व्यापार की समाप्ति का बोध हो, उसे भूतकाल कहते हैं; जैसे—लड़का चला गया।

   *भूतकाल के छह भेद हैं—*

   (i) सामान्य भूतकाल, (ii) आसन्न भूतकाल,
   (iii) पूर्ण भूतकाल, (iv) अपूर्ण भूतकाल,
   (v) संदिग्ध भूतकाल
   (vi) हेतुहेतुमद् भूतकाल।

3. **भविष्यत् काल** भविष्यत् काल द्वारा भविष्य में होने वाली क्रिया का पता चलता है; जैसे—वह कल जाएगा।

   भविष्यत् काल के तीन भेद हैं—

   (i) सामान्य भविष्यत् काल
   (ii) सम्भाव्य भविष्यत् काल तथा
   (iii) हेतुहेतुमद् भविष्यत् काल।

# वर्तनी

किसी भाषा का कोई सार्थक शब्द किसी शब्दकोश में जिस रूप में लिखा जाता है, उसे **वर्तनी** कहते हैं। वर्तनी को अंग्रेजी भाषा में 'स्पेलिंग', हिन्दी में इसे 'उच्चारण' भी कहा जाता है। लिखते समय वर्तनी की गलतियाँ प्राय: गलत उच्चारण करने अथवा नियमों की जानकारी न होने के कारण होती है। यहाँ कुछ शुद्ध एवं अशुद्ध शब्दों की सूची दी जा रही है

| अशुद्ध | शुद्ध | अशुद्ध | शुद्ध | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्यन | अध्ययन | उज्वल | उज्ज्वल | नृसंश | नृशंस |
| अनिष्ठ | अनिष्ट | उदविग्न | उद्विग्न | नारियां | नारियाँ |
| अर्थात | अर्थात् | उपाधी | उपाधि | नुपुर | नूपुर |
| अनभिग्य | अनभिज्ञ | एश्वर्य | ऐश्वर्य | परिक्षा | परीक्षा |
| आर्शीवाद | आशीर्वाद | एतिहासिक | ऐतिहासिक | प्रमपरागत | परम्परागत |
| अभीष्ठ | अभीष्ट | श्रंग | शृंग | परीशिष्ट | परिशिष्ट |
| अध्यात्मिक | आध्यात्मिक | कवित्री | कवयित्री | परलम्बी | परावलम्बी |
| अजीविका | आजीविका | क्रत्रिम | कृत्रिम | प्राविधान | प्रावधान |
| अनाधिकार | अनधिकार | गृहीत | ग्रहीत | प्रत्यांचा | प्रत्यंचा |
| अनुग्रहीत | अनुगृहीत | गवेसणा | गवेषणा | परोच्छ | परोक्ष |
| अन्तर्ध्यान | अन्तर्धान | गुरू | गुरु | प्रशंशा | प्रशंसा |
| आहवान | आह्वान | गृहणी | गृहिणी | प्रदर्शिनी | प्रदर्शनी |
| अर्धांगिनी | अर्द्धांगिनी | गृहण | ग्रहण | प्रतियाशित | प्रत्याशित |
| अंगूठी | अँगूठी | चक्षू | चक्षु | प्रसंशनीय | प्रशंसनीय |
| आकांछा | आकांक्षा | चिन्ह | चिह्न | पूज्यनीय | पूजनीय |
| आद्र | आर्द्र | ज्योत्सना | ज्योत्स्ना | प्रत्यच्छ | प्रत्यक्ष |
| अर्ध | अर्द्ध | जेष्ठ | ज्येष्ठ | प्रज्जवलित | प्रज्वलित |
| अत्याधिक | अत्यधिक | जिभ्या | जिह्वा | प्रेयसि | प्रेयसी |
| अक्षुण | अक्षुण्ण | तिमीर | तिमिर | प्रमाणिक | प्रामाणिक |
| अविष्कार | आविष्कार | दिवार | दीवार | प्रशाद | प्रसाद |
| अतिथी | अतिथि | दधीची | दधीचि | पुज्य | पूज्य |
| अवाज | आवाज | द्वारिका | द्वारका | प्रान | प्राण |
| आर्युवेदिक | आयुर्वेदिक | दन्ड | दण्ड | परतिज्ञा | प्रतिज्ञा |
| अनुसाशन | अनुशासन | नर्क | नरक | बहिस्कार | बहिष्कार |
| अनुदित | अनूदित | नायका | नायिका | भगीरथी | भागीरथी |
| आँदोलन | आन्दोलन | निर्दोषी | निर्दोष | भर्तिहरि | भर्तृहरि |
| ओद्योगिक | औद्योगिक | निरपराधी | निरपराध | मंत्रीमंडल | मन्त्रिमण्डल |
| अगम | अगम्य | नारायन | नारायण | मगन | मग्न |
| अँकुर | अंकुर | निरोग | नीरोग | मजूरी | मजदूरी |
| अंत्येष्ठि | अंत्येष्टि | निर्पेक्ष | निरपेक्ष | मुरारी | मुरारि |
| अतैव | अतएव | निर्धनी | निर्धन | मेनेजर | मैनेजर |
| उंचाई | ऊँचाई | नीनाद | निनाद | रचयता | रचयिता |
| उपलक्ष | उपलक्ष्य | निर्दयी | निर्दय | रागनी | रागिनी |

# अभ्यास के लिए प्रश्न

## लिंग

**1.** 'लिंग' किस भाषा का शब्द है?
(a) हिन्दी (b) अंग्रेजी
(c) संस्कृत (d) जर्मन

**2.** निम्न में कौन जातिवाचक पुल्लिंग संज्ञा है?
(a) चावल (b) मोहन
(c) चपरासी (d) हिमालय

**3.** 'ठाकुर' शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा?
(a) ठकुरानी (b) ठकुराइन
(c) ठकुरिन (d) ठाकुरी

**4.** 'दही' शब्द है
(a) पुल्लिंग (b) स्त्रीलिंग
(c) नपुंसक लिंग (d) उभयलिंग

**5.** लिंग भेद में किसका रूपान्तर नहीं होता?
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) कारक

**6.** निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?
(a) चना (b) अरहर
(c) बाजरा (d) उड़द

**7.** निम्नलिखित में कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?
(a) बनावट (b) चिल्लाहट
(c) बचपन (d) सिलाई

**8.** 'जेठ' का स्त्रीलिंग शब्द क्या होता है?
(a) जेठीन (b) जेठरानी
(c) जेठराइन (d) जेठानी

**9.** 'अध्यापक' शब्द का सही स्त्रीलिंग क्या होता है?
(a) अध्यापिका (b) अध्यापिकी
(c) अध्यापकी (d) अध्यापीक

**10.** पुल्लिंग-स्त्रीलिंग में कौन विषम संयोजन है?
(a) प्राचार्य-प्राचार्या (b) मोर-मोरनी
(c) सेवक-सेविका (d) श्याम-श्यामी

**11.** निम्नलिखित में कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?
(a) नमक (b) जीरा
(c) पीपल (d) दाल

**12.** निम्न में कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?
(a) कस्तूरी (b) घोषणा
(c) झील (d) संदन

**13.** निम्नलिखित में कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?
(a) नदी (b) गाय
(c) गंगा (d) रवि

## वचन

**14.** किस शब्द का प्रयोग बहुवचन के रूप में होता है?
(a) रात (b) हस्ताक्षर
(c) लड़का (d) साधु

**15.** 'चिड़िया' शब्द का बहुवचन क्या होता है?
(a) चिड़ियाँ (b) चिड़ियों
(c) चिड़िओं (d) चिड़ियें

**16.** किस संज्ञा का बहुवचन रूप नहीं होता?
(a) भाववाचक (b) द्रव्यवाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) जातिवाचक

**17.** निम्न में से किस शब्द का प्रयोग हमेशा बहुवचन में होता है?
(a) आँसू (b) दर्शन
(c) प्राण (d) ये सभी

**18.** 'प्रत्येक' शब्द का प्रयोग सदा होता है
(a) एकवचन में
(b) बहुवचन में
(c) 'a' व 'b' दोनों में
(d) इनमें से कोई नहीं

**19.** 'भारतीय' शब्द का बहुवचन क्या होता है?
(a) भारतीयों (b) भारती
(c) भारतियों (d) भारतीओं

## कारक

**20.** कारक के कितने भेद होते हैं?
(a) आठ (b) पाँच
(c) छह (d) सात

**21.** किस कारक में 'से' विभक्ति का प्रयोग साधन के अर्थ में होता है?
(a) अपादान (b) कर्त्ता
(c) करण (d) सम्प्रदान

**22.** किस कारक में 'से' विभक्ति का प्रयोग अलगाव के अर्थ में होता है?
(a) करण (b) अपादान
(c) सम्प्रदान (d) सम्बन्ध

**23.** 'सुधा नेहा को हाथ से मारती है' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) कर्त्ता (b) अपादान
(c) करण (d) अधिकरण

**24.** 'वृक्ष से पत्ते गिरते हैं' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) अधिकरण
(b) कर्म
(c) करण
(d) अपादान

**25.** 'वह बाज खम्बे पर बैठा है' वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) करण (b) अपादान
(c) अधिकरण (d) सम्प्रदान

**26.** 'वह कार मेरी है' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) करण (b) सम्बन्ध
(c) सम्प्रदान (d) अधिकरण

**27.** 'तोता डाली पर बैठा है' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) सम्प्रदान (b) करण
(c) अधिकरण (d) अपादान

**28.** 'पिता ने पुत्र को डण्डे से मारा' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) करण (b) सम्बोधन
(c) कर्त्ता (d) अपादान

## वर्तनी

**29.** निम्नलिखित में से सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए
(a) अवजन (b) आव्रजन
(c) आवजन (d) ऑवर्जन

**30.** सही वर्तनी वाला रूप है
(a) अनिभिज्ञ (b) अनभिज्ञ
(c) अनाभिज्ञ (d) अनभिग्य

**31.** सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए
(a) सम्रादत (b) समादृत
(c) समाद्रत (d) सम्पदृत

**32.** इनमें से सही शब्द कौन-सा है?
(a) समपृक्त (b) संपृक्त
(c) सम्पक्तृ (d) सृर्पक्त

**33.** शुद्ध वर्तनी के लिए सही विकल्प छाँटिए
(a) अशोभनिय (b) अशोभनीय
(c) असोभनीय (d) अषोभनीय

**34.** इन शब्दों में से सही वर्तनी वाले शब्द को चुनिए
(a) समभ्रान्त (b) सम्भ्रान्त
(c) सभ्रान्त (d) सम्भ्रन्त

**35.** इन शब्दों में से सही वर्तनी वाला शब्द है
(a) अनादृत (b) अनदृत
(c) अनादरित (d) आनाद्रत

**36.** सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए
(a) पल्लवन (b) पलल्वन
(c) प्लवन (d) प्लमन

**37.** सही वर्तनी वाला विकल्प चुनिए
(a) अप्लावित (b) आप्लावित
(c) अप्लवित (d) ऑपलवित्त

**38.** निम्नलिखित में से सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए
(a) विलक्षण (b) वीलक्षण
(c) विलक्षेण (d) विलोक्षण

**39.** निम्न रूपों में से सही वर्तनी वाला शब्द है
(a) साहत्यकार (b) साहित्यिकर
(c) साहित्यकार (d) सहित्यकार

**40.** इनमें से कौन-सा शुद्ध है?
(a) प्रादुभाव (b) प्रादुर्भाव
(c) प्रार्भुदाव (d) प्रदुर्भाव

**41.** निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए
(a) विछोह (b) बिछोह
(c) विछेहा (d) वीछोह

**42.** सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए
(a) जाज्वल्यमान (b) जज्वल्यमान
(c) जजवलयमान (d) जाज्वेल्यमान

**43.** इनमें से सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
(a) जजरित (b) जर्जरित
(c) जरजित (d) जर्जरीत

**44.** सही वर्तनी के लिए विकल्प चुनिए
(a) अवस्थापना (b) आवस्थापना
(c) अवस्थापनो (d) अवास्थापना

**45.** निम्नलिखित में से किसकी वर्तनी शुद्ध है?
(a) अभ्युत्थान (b) अभित्थान
(c) अभुत्थान (d) आभ्तुत्थान

**46.** सही विकल्प का चयन कीजिए
(a) उपर्युक्त (b) उपर्युक्ता
(c) ऊपर्युक्त (d) अपयुक्त

**47.** निम्न वर्तनी रूपों में से शुद्ध शब्द कौन-सा है?
(a) सिद्हस्त (b) सिद्धहस्त
(c) सिद्धेहस्त (d) सिद्धोहस्त

**48.** सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए
(a) निरुपाय (b) निरपाय
(c) नीरूपाय (d) निरूपय

**49.** निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
(c) अनग्रहीत (d) अनुग्रहित

**50.** इनमें से सही वर्तनी का चयन कीजिए
(a) अभ्यर्थना (b) आभ्यार्थन
(c) अभियर्थना (d) अभयर्थना

**51.** सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए
(a) पौराणिक (b) पुराणिक
(c) पूराणिक (d) पौरेणिक

**52.** निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) अन्तराष्ट्रीय (b) अन्तर्राष्ट्रीय
(c) अन्तेराष्ट्रीय (d) अर्न्तराष्ट्रीय

**53.** इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(a) अन्तनिहित (b) अर्न्तनिहित
(c) अन्तर्निहित (d) आन्तर्निहित

**54.** सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए
(a) अपवंचक (b) अपवचक
(c) ओपवंचक (d) अपवचंक

**55.** किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) अपवजन (b) अपवर्जन
(c) अपावर्जन (d) अभिवर्जन

**56.** इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध वर्तनी वाला है?
(a) पारगम्य (b) पारगमय
(c) पारेगम्य (d) पारिगम्य

**57.** सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए
(a) प्रत्योत्तर (b) प्रत्युत्तर
(c) प्रत्यूत्तर (d) प्रत्यौतेर

**58.** इनमें से सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए
(a) अतिशयोक्ति (b) अतीशयोक्ति
(c) अतशयोक्ति (d) अतेशयोक्ति

**59.** सही वर्तनी कौन-सी है?
(a) आजीविका (b) अजीविका
(c) आजिविका (d) अजीवीका

**60.** इनमें से सही शब्द कौन-सा है?
(a) पारलौकिक (b) परलौकिक
(c) पारलेकिक (d) पारलेकिक

**61.** सही वर्तनी क्या है?
(a) निवृत्ति (b) निवत्ति
(c) निर्वत्ति (d) नृिवत्ति

**62.** कौन-सी वर्तनी सही है?
(a) प्राक्कथन (b) प्राकथन
(c) प्राक्कथेन (d) प्राक्केथन

**63.** निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी किस शब्द की है?
(a) कौतहल (b) कौतोहल
(c) कौतूहल (d) कोतेहल

**64.** सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए
(a) अवश्यम्भावी (b) अवश्यम्भवी
(c) अवश्यम्भी (d) आवश्यम्भी

**65.** सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए
(a) संग्रहित (b) संगृहीत
(c) संग्रहीत (d) सृंहग्रीत

**66.** इनमें से सही शब्द छाँटिए
(a) उर्ध्व (b) ऊर्ध्व
(c) ऊध्व (d) उध्व

**67.** सही वर्तनी वाला रूप कौन-सा है?
(a) चतुरंगनी (b) चतुरंगिनी
(c) चातुरंगिनी (d) चतूरंगिनी

**68.** इनमें से कौन-सा शब्द सही लिखा है?
(a) ततवान्वेषी (b) तत्वानवेषी
(c) तत्वान्वेषी (d) तत्वोन्मेषी

**69.** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
(a) पुनर्विचार (b) पुर्नविचार
(c) पुनराविचार (d) पुन:विचार

**70.** सही विकल्प को चुनिए
(a) मुमूर्षु (b) मुमुर्षु
(c) मूर्मषा (d) मुमोषा

**71.** सही वर्तनी वाले विकल्प को चुनिए
(a) व्यवसायीक (b) व्यवसयिक
(c) वयावसायीक (d) व्यावसायिक

**72.** इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(a) सुषुम्ना (b) सूषम्ना
(c) सुषुन्मा (d) सुषूम्ना

**73.** सही शब्द का चयन कीजिए
(a) सामुदायिक (b) समुदायिक
(c) समूदायिक (d) सोमुदायिक

**74.** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनिए
(a) निविघ्न (b) निर्वघ्न
(c) निर्विघ्न (d) निर्विघन

**75.** किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) तुष्टीकरण (b) तुष्टिकरण
(c) तुष्टिकारण (d) तुष्टीकरेण

**76.** इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध वर्तनी वाला है?
(a) प्रत्यावतन (b) प्रत्यावर्तन
(c) प्रतिवर्तन (d) प्रत्युवर्तन

**77.** सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए
(a) रासायनिक (b) रासायनीक
(c) रसायेनिक (d) रसायनिक

**78.** किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?
(a) मूर्द्धन्य (b) मूर्धन्य
(c) मूद्यन्य (d) मूर्धनय

**79.** इनमें से सही विकल्प का चयन कीजिए
(a) अस्पश्यता (b) अस्पृशयता
(c) असपृश्यता (d) अस्पृश्यता

**80.** सही वर्तनी कौन-सी है?
(a) मृत्युंजय (b) मत्युजंय
(c) मृंत्युजय (d) मृत्युंजेय

**81.** सही विकल्प का चयन कीजिए
(a) वुश्रूषा (b) शुश्रूषा
(c) सुश्रूषा (d) शूश्रूषा

**82.** शब्द का सही रूप कौन-सा है?
(a) उज्जवल (b) उजजवल
(c) उज्ज्वल (d) उतज्ज्वल

**83.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द सही वर्तनी वाला है?
(a) ज्योतिमय (b) ज्योर्तिमय
(c) ज्योतिमर्य (d) ज्योतिमीय

**निर्देश** (प्र. सं. 84-96) *दिए गए अशुद्ध वाक्यों में से शुद्ध वाक्यों का चयन कीजिए।*

**84.** (a) पिछले रविवार को कारखाना खुलेगा।
(b) पिछले रविवार को कारखाना खुलता है।
(c) पिछले रविवार को कारखाना खुलना है।
(d) पिछले रविवार को कारखाना खुला था।

**85.** (a) वे तीन बहन हैं
(b) वे तीन बहन है
(c) वे तीन बहनें हैं
(d) वह तीन बहनें हैं

**86.** (a) भाप से इन्जन की उत्पत्ति बहुत पहले हुई थी
(b) भाप से इन्जन का आविष्कार बहुत पहले हुआ था
(c) भाप से इन्जन की खोज बहुत पहले हुई थी
(d) भाप से इन्जन का उद्‌भव बहुत पहले हुआ था।

**87.** (a) गुलामी या दासता अपमानजनक है
(b) गुलामी की दासता अपमान जनक है
(c) गुलामी व दासता अपमानजनक है
(d) गुलामी या दासता अपमान है

**88.** (a) तुम तुम्हारे भाई को बुलाओ
(b) तुम तुम्हारी भाई को बुलाओ
(c) तुम तुम्हारा भाई को बुलाओ
(d) तुम अपने भाई को बुलाओ

**89.** (a) मैं आपकी प्रतीक्षा ही कर रहा था और तुम आ गए।
(b) मैं आपकी प्रतीक्षा ही कर रहा था और आप आ गए।
(c) मैं तुम्हारी प्रतीक्षा ही कर रहा था और आप आ गए।
(d) मैं आपकी प्रतीक्षा ही कर रहा था और तू आ गया।

**90.** (a) मैं आपसे अभिज्ञ हूँ।
(b) मैं आपसे अभिज्ञ नहीं हूँ।
(c) मैं आपसे परिचित नहीं हूँ।
(d) मैं आपसे अभिज्ञ है।

**91.** (a) सब लड़कों में अनिल बहुत श्रेष्ठ है।
(b) सब लड़कों में अनिल श्रेष्ठ है।
(c) सब लड़कों में अनिल श्रेष्ठतर है।
(d) सब लड़के में अनिल श्रेष्ठ है।

**92.** (a) रमा के प्राण वापिस आ गया।
(b) रमा का प्राण वापिस आ गए।
(c) रमा के प्राण वापिस लौट गए।
(d) रमा के प्राण वापिस आ गए।

**93.** (a) उसकी दृष्टि बड़ी पतली है।
(b) उसका दृष्टि बड़ी पतली है
(c) उसकी दृष्टि बड़ी सूक्ष्म है
(d) उसकी नजर बड़ी पतली है

**94.** (a) वह यहाँ मात्र केवल दो दिन रहा।
(b) वह यहाँ केवल दो दिन रहा।
(c) वह यहाँ केवल मात्र दो दिन रहा।
(d) वह यहाँ केवल दो दिन रहे।

**95.** (a) घोड़ा बीच में ही डट गया
(b) घोड़ा बीच से ही डट गया
(c) घोड़ा बीच पर ही अड़ गया
(d) घोड़ा बीच में ही अड़ गया।

**96.** (a) वह आए तो मैं जाऊँ
(b) वह आए तो मैं जाता
(c) वह अया तो मैं जाता
(d) वे आए तो मैं जाता

## विगत वर्षों के प्रश्न

**निर्देश** (प्र. सं. 97-99) *दिए गए चार वाक्यों में एक वाक्य शुद्ध है और तीन अशुद्ध हैं। शुद्ध वाक्य को चुनिए।*

**97.** (a) इतनी रात बीता आप कहाँ से आ रहे हैं?
(b) इतनी रात हुआ आप कहाँ से आ रहे हैं?
(c) इतनी रात बीते आप कहाँ से आ रहे हैं?
(d) इतना रात बीता आप कहाँ से आ रहे हैं?
**[SSC कांस्टेबल, 2015]**

**98.** (a) हमें दिल्ली में जाना है
(b) हमें दिल्ली जाना है
(b) हमारे को दिल्ली जाना है।
(d) हमने दिल्ली जाना है। **[SSC कांस्टेबल, 2015]**

**99.** (a) ड्राइवर मीरा को कार चलाना सीख रहा है।
(b) ड्राइवर मीरा को कार को चलाना सिख रहा है।
(c) ड्राइवर मीरा को कार चलाना सिखा रहा है।
(d) ड्राइवर मीरा के लिए कार चलाना सिखा रहा है। **[SSC कांस्टेबल, 2015]**

**निर्देश** (प्र. सं. 100-102) *दिए गए वाक्यांशों में से कुछ में त्रुटियाँ हैं और कुछ ठीक हैं। वाक्य के जिस भाग में त्रुटियाँ हों, उसे उत्तर के रूप में चयन करें। यदि वाक्य में कोई त्रुटि न हो, तो 'कोई त्रुटि नहीं' वाले विकल्प का चयन करें।*

**100.** खुले हुए भोजन पर मक्खियाँ हरक्षण भिनभिनाती हुई रहती हैं। **[SSC कांस्टेबल, 2015]**
(a) कोई त्रुटि नहीं
(b) भिनभिनाती हुई रहती हैं
(c) खुले हुए भोजन पर
(d) मक्खियाँ हरक्षण

**101.** शीर्षक को चयन करते समय अवतरण में निहित भावों और विचारों की परख कर लेनी चाहिए। **[SSC कांस्टेबल, 2015]**
(a) शीर्षक को चयन करते समय
(b) कोई त्रुटि नहीं
(c) भावों और विचारों की परख कर लेनी चाहिए
(d) अवतरण में निहित

**102.** बुरा से बुरा व्यक्ति भी सम्मान और प्रशंसा पाना चाहता है **[SSC कांस्टेबल, 2015]**
(a) पाना चाहता है
(b) बुरा से बुरा व्यक्ति भी
(c) कोई त्रुटि नहीं
(d) सम्मान और प्रशंसा

**निर्देश** (प्र. सं. 103-105) *दिए गए चार वाक्यों में एक वाक्य शुद्ध है और तीन अशुद्ध हैं। शुद्ध वाक्य को चुनिए।*

**103.** (a) मेरा ध्यान अपने मित्र की ओर था
(b) मेरे ध्यान मेरे मित्र की ओर थे
(c) मुझको ध्यान अपने मित्र की ओर था
(d) मेरे ध्यान अपने मित्र की ओर था
**[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**104.** (a) सम्भवतः उनका आना निश्चित है
(b) निश्चित है उनका आना
(c) सम्भवतः निश्चित है उनका आना
(d) उनका आना निश्चित है
**[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**105.** (a) युवकों में निराशा छाई हुई है
(b) निराशावाद युवकों में छाई हुई हैं
(c) निराशावाद युवकों पर छाया हुआ है
(d) युवकों में निराशावाद छाया हुआ है
**[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**निर्देश** (प्र. सं. 106-108) *दिए गए शब्दों में से केवल एक शब्द की वर्तनी शुद्ध है। उसे चुनिए।*

**106.** (a) ऊज्जवल (b) उंजवल
(c) उज्जवल (d) उज्वल
**[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**107.** (a) विद्यारथी (b) विद्यार्थी
(c) वीद्यार्थी (d) विर्द्याथी
**[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**108.** (a) बाहिष्कार
(b) बहिश्कार
(c) बहिष्कार
(d) बहिष्कार
**[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**निर्देश** (प्र. सं. 109-111) *दिए गए वाक्यों में से कुछ में त्रुटियाँ हैं और कुछ ठीक हैं। वाक्य के जिस भाग में त्रुटियाँ हों, उसे अपना उत्तर चुनें।*

**109.** (a) मैं फल लेने गई थी
(b) बाजार में भारी भरकम भीड़ था
(c) बाजार में चलना मुश्किल था
(d) कोई त्रुटि नहीं **[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**110.** (a) साहित्य और समाज में घोर सम्बन्ध है
(b) दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं
(c) साहित्य के बिना समाज की कल्पना बेकार है
(d) कोई त्रुटि नहीं **[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**111.** (a) मेरी सहेली लगातार रोए जा रही थी
(b) उसके आँसू रुक नहीं रहे थे
(c) कोई त्रुटि नहीं
(d) मेरी रूमाल भी आँसू से भीग गया
**[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**निर्देश** (प्र.सं. 112-114) *निम्नलिखित दिए गए वाक्यों में से कुछ में त्रुटियाँ हैं और कुछ ठीक हैं। त्रुटि वाले वाक्य के जिस भाग में त्रुटियाँ हों, उसके अनुरूप अक्षर (a, b, c) वाले वाक्य में कोई त्रुटि न हो, तो उत्तर (d) चुनिए।*

**112.** शीला (a)/ अस्वस्थ होने के लिए (b)/ आज विद्यालय नहीं गई। (c)/ कोई त्रुटि नहीं
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**113.** सड़क में (a)/ बारिश का पानी (b)/ भर गया है। (c)/ कोई त्रुटि नहीं है (d)
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**114.** आकाश में (a)/ बादल (b)/ गरजा रहे हैं। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d)
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**निर्देश** (प्र. सं. 115-117) *निम्नलिखित दिए गए चार वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है और तीन अशुद्ध हैं। शुद्ध वाक्य को चुनिए।*

**115.** (a) मैंने एक रुपए का सामान खरीदा।
(b) मैं एक रुपए का सामान खरीदा।
(c) मुझने एक रुपया का सामान खरीदा।
(d) मैं एक रुपया का सामान खरीदा।
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**116.** (a) उसे कॉफी बनाना नहीं आता।
(b) उसे कॉफी बनानी नहीं आता।
(c) उसे कॉफी बनाना नहीं आती।
(d) उसे कॉफी बनाने को नहीं आते।
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**117.** (a) देश का सम्मान की रक्षा करो।
(b) देश के सम्मान की रक्षा करो।
(c) देश को सम्मान की रक्षा करो।
(d) देश के लिए सम्मान की रक्षा करो।
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**निर्देश** (प्र. सं. 118-120) *निम्न दिए गए वाक्यों में कुछ में त्रुटियाँ हैं और कुछ ठीक हैं। त्रुटि वाले वाक्य के जिस भाग में त्रुटियाँ हो, उसके अनुरूप अक्षर (a, b, c) चुने। यदि वाक्य में कोई त्रुटि न हो, तो (d) वाले भाग का चयन कीजिए।*

**118.** बच्चों को (a)/ अधिक से अधिक (b)/ कहानियाँ सुनाने को माँगता है (c)/ कोई त्रुटि नहीं है (d) **[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**119.** मोर (a)/ भारत का (b)/ राष्ट्रीय पक्षी है (c)/कोई त्रुटि नहीं (d) **[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**120.** प्रधानमन्त्री ने (a)/ लालकिले पर (b)/ झण्डा उड़ाया (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d)
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**निर्देश** (प्र. सं. 121-123) *दिए गए वाक्यों में एक वाक्य शुद्ध है और तीन अशुद्ध हैं। शुद्ध वाक्य को चुनिए।*

**121.** (a) नीम के पेड़ की छाया ठण्डी होती है।
(b) नीम के पेड़ की छाया ठण्डा होती है।
(c) नीम के पेड़ की छाया ठण्डे होती है।
(d) नीम के पेड़ को छाया ठण्डी होती है।
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**122.** (a) आप चिट्ठी लिख दी।
(b) तुमने चिट्ठी लिख दी।
(c) तुम्हारे ने चिट्ठी लिख दी।
(d) वह चिट्ठी लिख दी। **[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**123.** (a) उसे बहादुरी करने से पुरस्कार मिलेगा।
(b) उसे बहादुरी के लिए पुरस्कार मिलेगा।
(c) उसे बहादुरी के ऊपर पुरस्कार मिलेगा।
(d) उसे बहादुरी की पुरस्कार मिलेगा
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**निर्देश** (प्र. सं. 124-128) *निम्न प्रश्नों में चार शब्दों के समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में एक शब्द की वर्तनी ठीक प्रकार से दी गई है। ठीक वर्तनी वाले शब्द का पता लगाएँ।*

**124.** (a) व्यवाहारिक (b) व्यवहारीक
(c) व्यावहारिक (d) व्यावहारीक
**[SSC कांस्टेबल, 2011]**

**125.** (a) उज्ज्वल (b) उजज्वल
(c) उद्ज्व्ल (d) उज्जवल
**[SSC कांस्टेबल, 2011]**

**126.** (a) उपरिउक्त (b) उपरोक्त
(c) उपर्युक्त (d) उपरियोक्त
**[SSC कांस्टेबल, 2011]**

**127.** (a) विधालय (b) विद्यालय
(c) विद्धालय (d) विध्यालय
**[SSC कांस्टेबल, 2011]**

**128.** (a) कवयित्री (b) कवयत्री
(c) कवियत्री (d) कवीयत्री

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (c) | 3. | (b) | 4. | (a) | 5. | (b) | 6. | (b) | 7. | (c) | 8. | (d) | 9. | (a) | 10. | (d) |
| 11. | (d) | 12. | (d) | 13. | (d) | 14. | (b) | 15. | (a) | 16. | (b) | 17. | (d) | 18. | (a) | 19. | (a) | 20. | (a) |
| 21. | (c) | 22. | (b) | 23. | (c) | 24. | (d) | 25. | (c) | 26. | (b) | 27. | (c) | 28. | (a) | 29. | (b) | 30. | (b) |
| 31. | (b) | 32. | (b) | 33. | (b) | 34. | (b) | 35. | (a) | 36. | (a) | 37. | (b) | 38. | (a) | 39. | (c) | 40. | (b) |
| 41. | (a) | 42. | (a) | 43. | (b) | 44. | (a) | 45. | (a) | 46. | (a) | 47. | (b) | 48. | (a) | 49. | (b) | 50. | (a) |
| 51. | (a) | 52. | (b) | 53. | (c) | 54. | (a) | 55. | (b) | 56. | (a) | 57. | (b) | 58. | (a) | 59. | (a) | 60. | (a) |
| 61. | (a) | 62. | (a) | 63. | (c) | 64. | (a) | 65. | (b) | 66. | (a) | 67. | (b) | 68. | (c) | 69. | (a) | 70. | (a) |
| 71. | (d) | 72. | (a) | 73. | (a) | 74. | (c) | 75. | (b) | 76. | (b) | 77. | (a) | 78. | (b) | 79. | (d) | 80. | (a) |
| 81. | (b) | 82. | (c) | 83. | (d) | 84. | (d) | 85. | (c) | 86. | (b) | 87. | (a) | 88. | (d) | 89. | (b) | 90. | (c) |
| 91. | (b) | 92. | (d) | 93. | (c) | 94. | (b) | 95. | (d) | 96. | (a) | 97. | (c) | 98. | (b) | 99. | (c) | 100. | (b) |
| 101. | (a) | 102. | (b) | 103. | (a) | 104. | (d) | 105. | (a) | 106. | (c) | 107. | (b) | 108. | (c) | 109. | (b) | 110. | (a) |
| 111. | (c) | 112. | (b) | 113. | (a) | 114. | (c) | 115. | (a) | 116. | (a) | 117. | (b) | 118. | (c) | 119. | (d) | 120. | (c) |
| 121. | (a) | 122. | (b) | 123. | (b) | 124. | (c) | 125. | (a) | 126. | (c) | 127. | (b) | 128. | (a) | | | | |